सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४ -२५

कक्षा:चार | विषय:हिंदी | पाठ: 9 परोपकारी सुप्रिया

कठिन शब्द

1)उपस्थित

2)प्रियजनों

3)व्याकुल

4)भक्तजनों

5)महात्मा बुद्ध

6)सेनापति

7)धर्मपाल

8)कठिनाई

9)ज़िम्मेदारी

10)सुप्रिया

11)स्नेहपूर्ण

12)भिक्षा-पात्र

13)सामर्थ्य

14)उद्धार

15)भीषण

16)आश्रम

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1)महात्मा बुद्ध ने उपस्थित लोगों से क्या प्रश्न पूछा?

उत्तर महात्मा बुद्ध ने यह प्रश्न पूछा कि नगर में अकाल पड़ा हुआ है । उनमें से कौन-कौन लोग प्रजा के लिए अन्न देने को तैयार है?

प्रश्न2)सुप्रिया कौन थी ?

उत्तर सुप्रिया भगवान बुद्ध के शिष्य अनादपिंड की बेटी थी ।

प्रश्न3) सेठ रत्नाकर ने महात्मा बुद्ध के प्रश्न का क्या उत्तर दिया ?

उत्तर सेठ रत्नाकर ने महात्मा बुद्ध के प्रश्न का यह उत्तर दिया कि इतनी सारी प्रजा के लिए अन्न का प्रबंध करना उसके बस की बात नहीं थी ।

प्रश्न4)महात्मा बुद्ध ने सुप्रिया का दृढ़ निश्चय देखकर क्या कहा ?

उत्तर महात्मा बुद्ध ने सुप्रिया का दृढ़ निश्चय देखकर उसे आशीर्वाद देते हुए उसका निश्चय पूरा होने की कामना की ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1)महात्मा बुद्ध ने किसके लिए अन्न की माँग रखी और क्यों ?

उत्तर भगवान बुद्ध ने नगर के बड़े-बड़े धनवान लोगों से प्रजा के लिए अन्न की माँग की क्योंकि नगर में अकाल पड़ा हुआ था ।सभी लोग भूख से परेशान थे ।

प्रश्न2) सेनापति जयसेन ने महात्मा बुद्ध के प्रश्न के उत्तर में क्या कहा ?

उत्तर सेनापति जयसेन ने महात्मा बुद्ध के प्रश्न के उत्तर में कहा कि मैं प्रजा के लिए अपनी जान तक दे सकता हूँ, लेकिन पूरी प्रजा का पेट भरने के लिए उसके घर में अनाज नहीं है ।

प्रश्न3)सुप्रिया ने अन्न पहुँचाने की ज़िम्मेदारी किस बल पर ली?

उत्तर सुप्रिया ने अन्य पहुँचाने की ज़िम्मेदारी भगवान बुद्ध के आशीर्वाद तथा अपने दृढ़ निश्चय के बल पर ली । उसने कहा वह भिक्षा का कटोरा लेकर बार-बार सबके द्वार पर जाएगी और भिक्षा में जो भी मिलेगा ,वह भूखों को खिलाएगी ।

प्रश्प4)सरिपुत्र ने अकाल को लेकर अपनी चिंता कैसे व्यक्त की ?

उत्तर सरिपुत्र अकाल को लेकर बहुत चिंतित थे ।वह इस सोच में डूबे हुए थे कि नगर में अकाल पड़ने के कारण सभी परेशान है। सभी पशु-पक्षी व्याकुल हैं, तथा पेड़ पौधे भी सूख गए हैं । पक्षी चहचहाना भूल गए हैं । ऐसी स्थिति में क्या किया जाए ?

प्रश्न5) नगर के लोगों का उद्धार कैसे हुआ ?

उत्तर सुप्रिया बार-बार धनवान लोगों के द्वार पर जाती ।उसे वहाँ से जो भी भोजन मिलता, वह सब भूखे लोगों को खिला देती ।लोगों ने खूब मदद की। अब नगर में कोई भी भूखा व्यक्ति नहीं था। इस प्रकार भगवान बुद्ध के आशीर्वाद ,धनवान लोगों की मदद तथा सुप्रिया के दृढ़ निश्चय से नगर के लोगों का उद्धार हुआ ।

रिक्त स्थान भरिए ।

1)मेरे पास <u>भिक्षा-पात्र</u> के रूप में यह कटोरा है ।

2)मैं भी <u>सामर्थ्य</u> के अनुसार आपकी सहायता जरूर करूँगा।

3)<u>भगवान</u> की कृपा से भूखे को भोजन अवश्य मिलेगा ।

4)भूखे लोगों तक अन्न पहुँचाने की <u>ज़िम्मेदारी</u> मैं लेती हूँ।

5)आपके <u>आशीर्वाद</u> से कुछ भी असंभव नहीं है ।

वाक्य प्रयोग।

1)कठिनाई- मुश्किल

रमन ने बड़ी कठिनाई से अपनी पर्वतीय यात्रा को पूरा किया ।

2)अकाल- सूखा पड़ना

सरकार ने अकाल पीड़ितों के लिए भोजन तथा अन्य सामग्री उपलब्ध करवाई ।

3)विश्वास - यकीन

मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा प्रिय मित्र मुझे कभी भी धोखा नहीं देगा ।

4)असंभव- नामुमकिन

आज के दौर मे महिलाओं के लिए कुछ भी असंभव नही है।

5)अभाव - कमी

बर्षा के अभाव के कारण सारी फसल बर्बाद हो गई।